दिनाँक 18 मार्च 2016 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के संभाग तृतीय के सभागार में प्रबंधन विभाग के तत्वाधान में एक अंतर महाविद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ । मुसीबतों से भागों मत रुको ,मुड़ो, और सामना करो जीत जरूर होगी । ये विचार अग्रवाल महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता जी ने व्यक्त किए । अग्रवाल महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता के कुशल नेतृत्व में वर्ष भर इस तरह के कार्यक्रम होते रहते हैं। इसी श्रृंखला में यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा डॉ शिल्पा गोयल के मार्गदर्शन में हुआ । प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अग्रवाल महाविद्यालय के साथ साथ कुल छः टीमों ने भागीदारी की । डी ए वी शताब्दी कॉलेज फरीदाबाद, गवर्मेंट कॉलेज तिगांव, गवर्मेंट कॉलेज for women और अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ के विद्यार्थियों ने इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर भाग लिया । निर्णायक मंडल में डॉली मंगला और ओमिता की महत्वपूर्ण भूमिका रही । यह प्रतियोगिता पांच चरणों में हुई जिसमें से डी ए वी कॉलेज प्रथम स्थान पर और अग्रवाल कॉलेज संभाग एक द्वितीय स्थान पर रहे । गवर्मेंट कॉलेज तृतीय स्थान पर रहे । प्रबंधन विभाग के समस्त प्रवक्ताओं सारिका अग्रवाल, नीलम तंवर, तृप्ति गर्ग, डॉली मंगला के सहयोग से यह अंतरमहाविद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता संपन्न हुई ।